पंजीकरण सं. आर.एन. **40596/83** डाक पंजी. संख्या-जी-3-डी.एल. (एन.)/084/2015-17 प्रकाशित: 01.12.2017 इस अंक का मूल्य *2* रुपये



॥ ओ३म् ॥

# युवा उद्घोष

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् (पंजीकृत) का पाक्षिक शंखनाद

**Join—http://www.facebook.com/groups/aryayouth/**

कार्यालय : आर्य समाज कबीर बस्ती, दिल्ली-*110007*, चलभाष : **9810117464, 9868002130**

## आर्य महासम्मेलन तैयारी बैठकें

1. शनिवार, 9 दिसम्बर 2017, सायं 5 बजे, आर्य समाज, अशोक नगर, पश्चिमी दिल्ली
2. रविवार, 10 दिसम्बर 2017, सायं 3.30 बजे, आर्य समाज, अमर कालोनी, दक्षिण दिल्ली

कृप्या अपने क्षेत्र की बैठक में अवश्य पहुंचे– अनिल आर्य

वर्ष-34 अंक-13 मार्गशीर्ष-2074 दयानन्दाब्द 193 01 दिसम्बर से 15 दिसम्बर 2017 (प्रथम अंक) कुल पृष्ठ 4 वार्षिक शुल्क 48 रु.
प्रकाशित: 01.12.2017, **E-mail : yuva.udghosh1982@gmail.com aryayouthgroup@yahoogroups.com Website : www.aryayuvakparishad.com**

# गुरूकुल गौतम नगर के वार्षिक यज्ञ का भव्य शुभारम्भ व आर्य समाज प्रशान्त विहार, दिल्ली का उत्सव सम्पन्न

### यज्ञ ही सर्वश्रेष्ठ कर्म - कै. रूद्रसेन सिन्धु

### आज आर्य समाज की पहले से कहीं अधिक आवश्यकता -डा.अनिल आर्य





नई दिल्ली । सोमवार, 27 नवम्बर 2017,राजधानी दिल्ली के सुप्रसिद्ध गुरूकुल गौतम नगर में वार्षिक चर्तुर्वेद पारायण यज्ञ का भव्य शुभारम्भ हरिद्वार से पधारे डा.महावीर अग्रवाल के ब्रह्मत्व में हुआ । इस अवसर पर ओ३म् ध्वज फहराकर आर्य नेता,दानवीर कै.रूद्रसेन सिन्धु ने समारोह का उद्घाटन किया । प्रथम चित्र में श्री कन्हैयालाल आर्य (गुरूग्राम) की पुस्तक ''भगवद गीता'' का लोकापर्ण करते कै.रूद्रसेन सिन्धु, डा. महावीर अग्रवाल, स्वामी प्रणवानन्द सरस्वती, डा. अनिल आर्य, आनन्द कुमार (आई.पी.एस.) रिटा.,व रामपाल शास्त्री। पूर्णाहुति व समापन रविवार, 17 दिसम्बर 2017 को प्रातः 8 से 1.30 बजे तक होगा। द्वितीय चित्र–रविवार, 19 नवम्बर 2017,आर्य समाज, प्रशान्त विहार, दिल्ली का 33 वां वार्षिकोत्सव सम्पन्न हुआ। डा.अनिल आर्य ने कहा कि आज के परिपेक्ष्य में आर्य समाज की पहले से कहीं अधिक आवश्यकता है। चित्र में–डा. अनिल आर्य के साथ प्रधान– श्री धर्मपाल परमार, मन्त्री–नरेन्द्र कस्तूरिया, कोषाध्यक्ष–महेन्द्र अरोड़ा व आचार्य शिवनारायण शास्त्री।

# आर्य समाज विशाखा एनक्लेव व पूर्वी पंजाबी बाग का उत्सव सोल्लास सम्पन्न





रविवार, 19 नवम्बर 2017,आर्य समाज,विशाखा एनक्लेव,दिल्ली का 30 वां वार्षिकोत्सव सोल्लास सम्पन्न हुआ। चित्र में–मुख्य अतिथि डा.अनिल आर्य को 11,000 का चैक भेंट करते आर्य समाज के प्रधान डा.धर्मवीर आर्य,मन्त्री ओमप्रकाश गुप्ता,कोषाध्यक्ष सूर्यप्रकाश डुडेजा,विवेक अग्निहोत्री व सतीश आर्य। द्वितीय चित्र–आर्य समाज पूर्वी पंजाबी बाग, दिल्ली के मन्त्री श्री रवि चड्डा सम्बोधित करते हुए,मंत्र पर बांये से डा.अनिल आर्य,आचार्य आनन्द जी व डा.वागीश आचार्य।

# आर्य समाज अशोक नगर व मालवीय नगर का वार्षिक उत्सव सोल्लास सम्पन्न





रविवार, 26 नवम्बर 2017,आर्य समाज, अशोक नगर, दिल्ली का वार्षिकोत्सव सोल्लास सम्पन्न हुआ। चित्र में–मुख्य अतिथि डा.अनिल आर्य स्टेन्डर्ड पनीर वाले श्री अशोक सतीजा को सम्मानित करते हुए,साथ में प्रधान श्री प्रकाशचन्द आर्य, कोषाध्यक्ष श्री ओमप्रकाश चावला, सुरेन्द्र वधवा, कविता आर्या व आचार्य योगेन्द्र शास्त्री। मंत्री श्री पवन गांधी ने सभी का आभार व्यक्त किया। द्वितीय चित्र–आर्य समाज मालवीय नगर, नई दिल्ली का वार्षिकोत्सव सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ । चित्र में–डा. अनिल आर्य का स्वागत करते हुए समाज के अधिकारी श्री विनोद कद, सत्यभूषण आर्य, वी.पी.वधवा, विमल आनन्द, सुशील आनन्द व टंकारा पत्र के सम्पादक श्री अजय सहगल। कुशल संचालन आचार्य आरक्षित शास्त्री ने किया व प्रधान एच. एन. मिथरानी, मंत्री श्री प्रमोद पाठक ने आभार व्यक्त किया।

## अपील:

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के कार्य व गतिविधियों में सहयोग करने हेतु खाता सं. 10205148690 स्टेट बैंक आफ इण्डिया, घन्टाघर, दिल्ली–110007, आई.एफ.एस.कोड **-SBIN0001280** पर सीधे भेज कर हमें फोन न. 9868002130 पर एस.एम.एस कर दें जिससे रसीद भेजी जा सके। अग्रिम धन्यवाद सहित।

— डा. अनिल आर्य, मो.09810117464

# मनीला में भारत की सफल कूटनीति

– अवधेश कुमार

यह आजाद भारत के इतिहास में पहली बार होगा कि हमारे गणतंत्र दिवस समारोह में इस बार एक साथ दस देशों के राष्ट्राध्यक्ष मुख्य अतिथि के रुप में विराजमान होंगे। फिलीपीन्स की राजधानी मनीला में हुए आसियान शिखर सम्मेलन तथा पूर्व एशिया शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आसियान के दसों सदस्य देशों को निमंत्रण दिया और सबने इसे स्वीकार कर लिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 125 करोड़ भारतीय 2018 के गणतंत्र दिवस में आसियान नेताओं के स्वागत की प्रतीक्षा कर रहे हैं। आसियान यानी एसोसिएशन ऑफ साउथ ईस्ट एशियन नेशंस वह संगठन है जिसे आपसी व्यापार और रक्षा संबंधों को बढ़ावा देने के लक्ष्य से शुरू किया गया था। थाईलैंड, वियतनाम, इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपीन, सिंगापुर, म्यांमार, कंबोडिया, लाओस और ब्रुनेई इसके सदस्य देश हैं। यह भारतीय कूटनीति का बहुत बड़ा कदम है जिससे चीन निश्चय ही परेशान हो रहा होगा। यहां भारतीय कूटनीति जिस सघनता से सक्रिय रहा उसके परिणाम स्पष्ट हैं।

मोदी को अच्छी तरह पता था कि मेजबान फिलीपींस मुस्लिम चरमपंथ का सामना कर रहा है। ऐसे में सम्मेलन में आतंकवाद एक बड़ा मुद्दा होगा। साथ ही यह शिखर सम्मेलन दक्षिण चीन सागर में चीन की विस्तारवादी नीतियों और उत्तर कोरिया के परमाणु महत्वकांक्षा की पृष्ठभूमि में हो रहा था इसका भी आभास उन्हें था। दक्षिण चीन सागर विवाद से आधे सदस्य सीधे तौर पर जुड़े हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने इन सबको ध्यान में रखकर अपना भाषण दिया और उसको व्यापक समर्थन मिला। मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ संघर्ष में संयुक्त प्रयासों का आह्वान करते हुए कहा कि हमारे समक्ष एकजुट होकर आतंकवाद को खत्म करने के बारे में सोचने का समय आ गया है। फिलीपींस के राष्ट्रपति रॉबर्ट दुतेर्ते ने भी अपने कुछ अनुभवों का जिक्र करते हुए कहा कि आतंकवाद किस तरह क्षेत्र के लिए खतरा बना हुआ है। आतंकवाद को लेकर पहली बार आसियान में मुखर सर्वसम्मति का स्वर सुनाई दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा कि क्षेत्र के लिए नियम आधारित सुरक्षा व्यवस्था ढांचे के लिए भारत आसियान को अपना समर्थन जारी रखेगा। इसमें भले उन्होंने चीन का नाम नहीं लिया लेकिन सीधे निशाने पर चीन ही था। उनके नियम आधारित सुरक्षा व्यवस्था ढांचे के प्रस्ताव को व्यापक समर्थन मिला। ऐसा होना ही था, क्योंकि चीन जिस ढंग से जबरन अपना सुरक्षा ढांचा दक्षिण चीन सागर में खड़ा कर रहा है उससे सभी देश चिंतित हैं।

प्रधानमंत्री ने सम्मेलन के इतर कई नेताओं से द्विपक्षीय और प्रतिनिधिमंडल स्तर की मुलाकात की। इनमें अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, जापान के प्रधानमंत्री शिंजो अबे, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री मैल्कम टर्बुनेल, चीन के प्रधानमंत्री ली केकियांग, न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री जेसिंडा एर्डेर्न, रुस के प्रधानमंत्री दिमित्री मेदवदेव, ब्रुनेई के सुल्तान हसनाल बोलकिया, कंबोडिया के प्रधानमंत्री हुन सेन, मलेशिया के प्रधानमंत्री नजीब रजाक, वियतनाम के प्रधानमंत्री नेगुयेन झान फुक एवं म्यान्मार की स्टेट काउंसलर आंग सान सू की। इनमें अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप से मुलाकात सबसे महत्वपूर्ण रही। दोनों नेताओं के बीच चार महीने में यह दूसरी मुलाकात थी। व्हाइट हाउस ने कहा है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक नई मंत्रीस्तरीय वार्ता का तंत्र शुरू कर हिंद–प्रशांत महासागर क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता बढ़ाने पर सहमत हुए हैं, जो दोनों देशों के रणनीतिक विचार–विमर्श को आगे ले जाएगा। ट्रंप ने अमेरिका से भारत को कच्चे तेल की प्रथम खेप भेजे जाने के कदम का स्वागत किया, जो इस महीने टेक्सास से शुरू होगा। हाल के महीनों में भारत ने अमेरिका से 10 मिलियन बैरल तेल खरीदा है। ट्रम्प ने भरोसा जताया कि उर्जा क्षेत्र में दोनों देशों के बीच संबंध काफी मजबूत होंगे और वो वैश्विक स्तर पर व्यापक परिवर्तन लाने वाला साबित होगा। भारतीय तेल कंपनियां अगले एक साल में अमेरिका से दो अरब डॉलर का तेल खरीदना चाहती हैं। व्हाइट हाउस ने बयान में कहा कि ट्रंप ने वादा किया कि अमेरिका भारत को विश्वसनीय और दीर्घकालीन आपूर्ति जारी रखेगा। व्हाइट हाउस से जारी बयान में कहा गया कि मोदी और ट्रम्प ने दोनों देशों के बीच रक्षा साझेदारी आगे ले जाने पर भी जोर दिया। दोनों ने ही कहा कि भारत और अमेरिका दुनिया के दो महान लोकतंत्र हैं और इन्हें इसी रास्ते पर चलते हुए दुनिया की सबसे मजबूत और ताकतवर सेना भी बनना होगा। निश्चय ही दुनिया की सबसे मजबूत सेना की बात पर चीन चिंतित होगा। भारत और अमेरिका मिलकर ग्लोबल एन्टरप्रेन्योरशिप समिट आयोजित करने जा रहे हैं। मोदी ने ट्रम्प से कहा कि भारत इसे दोनों देशों के बीच सहयोग के नए दौर की तरह देख रहा है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि दोनों देश आपसी हितों से ऊपर उठकर साथ में काम कर रहे हैं। राष्ट्रपति ट्रम्प पिछले दिनों जहां भी गए हैं, जहां भी उन्हें भारत के बारे में कहने का मौका मिला है उन्होंने भारत के बारे में बड़ी बातें कहीं हैं। मैं भी विश्वास दिलाता हूं कि विश्व की भारत से जो उम्मीदें हैं, अमेरिका की जो अपेक्षाएं हैं, उन पर वह खरा उतरने के लिए भारत भरपूर कोशिशें करता रहा है और करता रहेगा। मोदी ने उत्तर कोरिया की हकरतों के खिलाफ दुनिया को एकजुट करने में ट्रंप के मजबूत नेतृत्व को लेकर उनका शुक्रिया अदा किया। यह वहां के वातावरण के अनुकूल था। वैसे भी पूरी दुनिया में उत्तर कोरिया की नाभिकीय आक्रामता चिंता का कारण बनी हुई है। इसमें भारत बिल्कुल चुप्पी नहीं साध सकता।

दूसरी महत्वपूर्ण बैठक जापान के प्रधानमंत्री शिंजो अबे से के साथ थी। भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने कहा कि भारत ने अपने खास और भरोसमंद साझेदार के साथ बैठक की। दोनों देशों के बीच रणनीतिक वैश्विक साझेदारी को लेकर चर्चा हुई। भारत–जापान की बीच बातचीत में आपसी हित के अलावा हिन्द प्रशांत क्षेत्र का मुद्दा प्रमुख रहा। आबे और ट्रंप से मुलाकात के पहले भारत के अधिकारियों ने अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ हिन्द प्रशांत क्षेत्र पर बातचीत की थी। यह इस पूरे आयोजन के बीच का सबसे महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक कार्यक्रम था। पिछले महीने जापान के विदेश मंत्री तारो कानो ने कहा था कि हम मानते हैं कि चार देशों की बातचीत चारों देशों की रणनीतिक साझेदारी और मजबूत होगी। इसमें हिन्द प्रशांत क्षेत्र को खुला और कारोबार के लिहाज से बेहतर बनाने पर विचार हुआ। पहली चतुर्पक्षीय बैठक से साफ तनाव में दिख रहे चीन ने इस पर कोई सीधी प्रतिक्रिया तो नहीं दी है, लेकिन इस समूह से उसे दूर रखे जाने पर सवाल जरूर खड़े किए हैं। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गेंग शुआंग ने कहा कि संबंधित प्रस्ताव पारदर्शी और समग्र होना चाहिए। यह पूछे जाने पर कि संबंधित पक्षों को बाहर करने से उनका तात्पर्य चीन को इसमें शामिल नहीं करने से है, तो गेंग ने कहा कि चीन संबंधित देशों के बीच दोस्ताना सहयोग का स्वागत करता है। उन्होंने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि इस तरह के संबंध तीसरे पक्ष के खिलाफ नहीं होंगे और क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के अनुकूल होंगे।

एशिया–प्रशांत संकल्पना की जगह पर हिंद–प्रशांत संकल्पना काफी महत्वपूर्ण है। भारत नाम पर एक ही महासागर है जिसको इसमें जोड़ा गया है। पहले जब एशिया प्रशांत की कल्पना की गई तो उसमें अमेरिका के अलावा पूर्वी एशियाई देश ही थे। अब भारत को इसमें सर्वाधिक महत्व मिला है। अमेरिका ने कहा था कि एशिया–प्रशांत के स्थान पर नया शब्द हिंद–प्रशांत भारत के उभरते महत्व को दर्शाता है,। हालांकि ह्वाइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा था कि यह रणनीति निश्चित तौर पर चीन पर लगाम कसने के लिए नहीं है। हिंद–प्रशांत का व्यापक अर्थ हिंद महासागर और प्रशांत महासागर क्षेत्र से है जिसमें विवादित दक्षिण चीन सागर भी है जहां वियतनाम, मलयेशिया, फिलिपींस और ब्रुनेई लगभग पूरे जलमार्ग पर चीन के दावे पर सवाल उठाते हैं। साफ है कि यह चीन को सीधे प्रभावित करने वाला कदम है। कोई कुछ कहे स्पष्ट है कि इस पहल का उद्देश्य इलाके में चीन के आक्रामक रुख का प्रतिरोध करना है। सभी देश इस बात पर सहमत हुए कि मुक्त, खुला, समृद्ध और समग्र हिंद–प्रशांत क्षेत्र के सभी देशों और खासकर दुनिया के हितों के अनुकूल है। चीन की बढ़ती सैन्य और आर्थिक ताकत के बीच इन देशों ने माना है कि स्वतंत्र, खुला, खुशहाल और समावेशी हिन्द्र प्रशांत क्षेत्र से दीर्घकालिक वैश्विक हित जुड़े हैं। सच कहा जाए तो हिन्द प्रशांत क्षेत्र विश्व में एक नए दौर की शुरुआत है जिसमें भारत की केन्द्रीय भूमिका को स्वीकार किया गया है। इससे हमारी जिम्मेवारियों भी बढ़ी हैं। निश्चय ही भारतीय प्रधानमंत्री ने मनीला जाने के पूर्व अपना पक्ष रखने तथा इसको आगे ले जाने के लिए सूत्र देने की व्यापक तैयारी की थी।

ई: 30, गणेश नगर, पांडव नगर कॉम्पलेक्स, दिल्लीः110092,
दूरभाषः 01122483408, 09811027208

## विश्व वेद सम्मेलन नई दिल्ली में

विश्व वेद सम्मेलन दिनांक 15,16,17 दिसम्बर 2017 को इन्दिरा गांधी कला केन्द्र,1,जनपथ, नई दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है। उपराष्ट्रपति श्री वैंकया नायडु शुक्रवार, 15 नवम्बर को प्रातः 9 बजे समारोह का उद्घाटन करेंगे। आप सादर आमन्त्रित हैं– आनन्द कुमार (आई.पी.एस.) रिटा. –9810764795. व डा.धर्मेन्द्र शास्त्री, संयोजक, 9999426474.

## स्वामी श्रद्धानन्द बलिदान दिवस 23 दिसम्बर को

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में स्वामी श्रद्धानन्द बलिदान दिवस समारोह शनिवार, 23 दिसम्बर 2017 को प्रातः 9 बजे से 11.00 बजे तक सांसद प्रवेश साहिबसिंह वर्मा निवास, 20, विंडसर पैलेस, जनपथ, नई दिल्ली में मनाया जायेगा। आप सादर आमन्त्रित हैं– अनिल आर्य, संयोजक

## शोक समाचार: विनम्र श्रद्धांजलि

1. श्रीमती उर्मिला देवी (माता श्री सतीश उपाध्याय,भाजपा) का निधन।
2. श्री गेन्दालाल यादव (पिता श्री सुनहरीलाल यादव) का निधन।
3. मास्टर हरिकृष्ण सोंलकी (पिता पूर्व विधायक श्री धर्मदेव सोंलकी) का निधन।
4. श्रीमती चांद कौर (धर्मपत्नि स्व.श्री मांगेराम आर्य, बांकनेर) का निधन।
5. श्री रमेश प्रकाश जी (पूर्व प्रान्त संचालक, आर.एस.एस.) का निधन।

जहां नहीं होता कभी विश्राम — ओ३म् — आर्य युवक परिषद् है उसका नाम

## केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के 39 वें वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में

वायु प्रदुषण, पर्यावरण शुद्धि व राष्ट्र की सुख समृद्धि हेतु



डॉ. अशोक कुमार चौहान की अध्यक्षता व आचार्य अखिलेश्वर जी के ब्रह्मत्व में



स्वामी आर्यवेश जी, स्वामी प्रणवानन्द जी, स्वामी श्रद्धानन्द जी के सानिध्य में

# 251 कुण्डीय विराट् यज्ञ

एवम्

# अखिल भारतीय आर्य महासम्मेलन

**दिनांक : 26,27,28 जनवरी 2018 (शुक्रवार, शनिवार, रविवार)**

**स्थान : रामलीला मैदान, अशोक विहार फेज-1, दिल्ली-110052**

(मेजर ध्यानचंद स्पोर्टस् स्टेडियम के सामने, निकट कन्हैया नगर मैट्रो स्टेशन)

### राष्ट्रीय एकता शोभा यात्रा : शनिवार, 27 जनवरी 2018, प्रातः 10.30 बजे से

रूटः रामलीला मैदान से मोन्ट फोर्ट स्कूल, एच ब्लॉक मार्केट, आर्य समाज अशोक विहार एफ ब्लॉक, डी-ब्लॉक, दीप मार्केट, प्रगति मार्केट, सनातन धर्म मंदिर फेज-2, सत्यवती कॉलेज, वजीरपुर वाटर टैंक से होते हुए रामलीला मैदान में दोपहर 1.30 बजे समापन। संयोजक-सुरेश आर्य, वीरेश आर्य, राकेश भटनागर, सुशील आर्य, योगेन्द्र शास्त्री, प्रवीण आर्य, वीरेन्द्र योगाचार्य, ब्र. दीक्षेन्द्र, विश्वनाथ आर्य, ओमवीर सिंह, के.के. यादव, ईश आर्य, प्रदीप आर्य, विक्रांत चौधरी, प्रदीप जैन, विपिन मित्तल, भूदेव आर्य, चित्रा विद्यार्थी, जीवन लाल आर्य, सीमा-रोहित धीगड़ा, के.के सेठी, श्रीकृष्ण दहिया, अशोक गुप्ता, राकेश खुल्लर, अविनाश बंसल, देवमित्र आर्य, अशोक सरदाना, अजय अरोड़ा, राकेश मेहता, डिम्पल-नीरज भंडारी, नरेश विज, नरेन्द्र कस्तूरिया, ओमप्रकाश गुप्ता, हरिचन्द स्नेही

**मुख्य यजमान : सर्वश्री दर्शन कुमार अग्निहोत्री, राजीव कुमार परम, अरुण बंसल, प्रदीप तायल, डॉ. रमाकांत गुप्ता, एस.के. आहुजा**

**शुक्रवार 26 जनवरी, 2018**

| | |
|---|---|
| 101 कुण्डीय विराट् यज्ञ | : प्रातः 8.30 से 10.30 |
| ध्वजारोहण | : प्रातः 10.45 बजे |
| युवा चेतना सम्मेलन | : 11.00 से 2.00 |
| महिला शक्ति सम्मेलन | : 2.15 से 5.00 |
| व्यायाम शक्ति प्रदर्शन | : 5.00 से 6.30 |
| राष्ट्रीय कवि सम्मेलन | : रात्रि 7.30 से 10.00 |

**शनिवार 27 जनवरी, 2018**

| | |
|---|---|
| यज्ञ | : प्रातः 8.30 से 9.30 |
| ध्वजारोहण | : प्रातः 10.00 बजे |
| राष्ट्रीय एकता शोभा यात्रा | : प्रातः 10.30 से 1.30 |
| वेद-संस्कृत रक्षा सम्मेलन | : दोपहर 2.30 से 5.30 |
| राष्ट्र रक्षा सम्मेलन | : रात्रि 7.00 से 10.00 |

**रविवार 28 जनवरी, 2018**

| | |
|---|---|
| 151 कुण्डीय विराट् यज्ञ | : प्रातः 8.30 से 10.30 |
| ध्वजारोहण | : प्रातः 11.00 बजे |
| राष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन | : 11.30 से 2.30 |
| शिक्षा संस्कृति रक्षा सम्मेलन | : 2.30 से 5.00 |
| कार्यकर्ता सम्मान समारोह | : सायं 5.00 से 5.30 बजे |
| धन्यवाद एवम् शांतिपाठ समापन | : सायं 6.00 बजे |

दिल्ली के बाहर से आने वाले आर्य बन्धु अपने पधारने की संख्या व समय के बारे में व यज्ञमान बनने के इच्छुक 15 जनवरी 2018 तक सूचित करने की कृपा करें जिससे भोजन व आवास का उचित प्रबंध किया जा सके। सम्पर्क : देवेन्द्र भगत-9958889970, संतोष शास्त्री-8178003873, सतीश शास्त्री-9891610320, काशीराम शास्त्री-9873454344, सौरभ गुप्ता-9971467978, अरुण आर्य-9818530543, वरुण आर्य-8586801154, विनोद कालरा-9899444347

### हज़ारों की संख्या में पहुँचकर आर्य समाज की विराट् संगठन शक्ति का परिचय दें

## अपील

**इस रचनात्मक विशाल कार्यक्रम में आपका तन, मन, धन से सहयोग अपेक्षित है कृपया दानराशी क्रास चैक/ड्राफ्ट द्वारा "केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् दिल्ली" के नाम से कार्यालय के पते पर भिजवायें। ऋषि-लंगर के लिए आटा, दाल, चावल, चीनी, शुद्ध घी, रिफाईन्ड, सब्जी, मसाले आदि खाद्य सामग्री देकर पुण्य के भागी बनें**

### निवेदक

डॉ. अनिल आर्य
राष्ट्रीय अध्यक्ष
महेन्द्र भाई
राष्ट्रीय महामंत्री
दुर्गेश आर्य
राष्ट्रीय मंत्री
धर्मपाल आर्य
राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष

यशोवीर आर्य
रामकुमार सिंह
कृष्णचन्द पाहूजा
सत्यभूषण आर्य
सुभाष बब्बर
स्वतंत्र कुकरेजा
आनन्दप्रकाश आर्य
रामकृष्ण शास्त्री
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

आनन्द चौहान
ठाकुर विक्रम सिंह
नवीन रहेजा
मायाप्रकाश त्यागी
प्रवीण तायल
अमित मान
विजयारानी शर्मा
अमीरचन्द रखेजा
स्वागत अध्यक्ष

डॉ. रिखबचन्द जैन
डॉ. लाजपत राय आर्य
अमरनाथ गोगिया
प्रेम कुमार सचदेवा
सत्यपाल गांधी
प्रि0 अन्जु महरोत्रा
योगराज अरोड़ा
एस.पी. सिंह

डॉ. महेन्द्र नागपाल
योगेश वर्मा, उप-महापौर
रवि चड्डा
सत्यवीर चौधरी
रमेशकुमारी भारद्वाज
ओम सपरा
ब्रह्मप्रकाश मान
लक्ष्मण पाहुजा
स्वागत मन्त्री

सुरेन्द्र कोहली
प्रेमपाल शास्त्री
गायत्री मीना
डॉ. गजराजसिंह आर्य
ओमप्रकाश यजुर्वेदी
चन्द्रप्रभा अरोड़ा
रविदेव गुप्ता
मनोहर लाल चावला

**स्वागत समितिः** सर्वश्री विकास गोगिया, अंजु जावा, चतरसिंह नागर, सुरेन्द्र शास्त्री, रामलुभाया महाजन, वेदप्रकाश आर्य, धर्मदेव खुराना, प्रदीप गोगिया, सुशील बाली, गोपाल जैन, धर्मपाल परमार, डॉ. धर्मवीर आर्य, नरेश विज, ओमप्रकाश गुप्ता, अशोक गुप्ता, अविनाश बंसल, देवमित्र आर्य, उर्मिला आर्या, अर्चना पुष्पकरणा, अशोक सरदाना, बृजेश-पीतम गुप्ता, अजय अरोड़ा, राकेश मेहता, सुरेन्द्र मानकटाला, रमेश गाडी, अशोक आर्य, जवाहर भाटिया

कार्यालय : आर्य समाज, कबीर बस्ती, पुरानी सब्जी मण्डी, दिल्ली-110007, मो. 9810117464, 9868664800, 9871581398, 9013137070

**E-mail:** aryayouth@gmail.com **Website:** www.aryayuvakparishad.com

**Group:** aryayouthgroup@yahoogroups.com • join-http:// www.facebook.com/group/aryayouth

# आर्य समाज, छतरपुर जे.बी.टी. एनक्लेव व कालकाजी का वार्षिकोत्सव सोल्लास सम्पन्न




नई दिल्ली। रविवार, 26 नवम्बर 2017,आर्य समाज, छतरपुर जे.बी.टी.एनक्लेव, नई दिल्ली का वार्षिकोत्सव सोल्लास सम्पन्न हुआ। स्वामी धर्मेश्वरानन्द जी (हापुड़) के प्रवचन हुए। चित्र में—मुख्य अतिथि डा.अनिल आर्य का स्वागत करते प्रधान श्री ओमप्रकाश यजुर्वेदी,मन्त्री श्री ओमकुमार आर्य,मण्डल के महामंत्री श्री चतरसिंह नागर व श्री रणवीरसिंह आर्य। द्वितीय चित्र—आर्य समाज,कालकाजी,नई दिल्ली का वार्षिकोत्सव सोल्लास सम्पन्न हुआ। युवा विद्वान डा.विनय विद्यालंकार के प्रवचन हुए व प.दिनेश पथिक (अमृतसर) के मधुर भजन हुए। चित्र में—डा.अनिल आर्य का स्वागत करते प्रधान श्री रमेश गाडी, मन्त्री श्री राकेश भटनागर, श्री राजेश मेहन्दीरता(प्रधान,लाजपत नगर), दानवीर श्री टुटेजा व श्री ओमप्रकाश छाबड़ा(मंत्री, अमर कालोनी)

# आर्य समाज महावीर नगर व टैगोर गार्डन विस्तार का उत्सव सोल्लास सम्पन्न




शनिवार, 25 नवम्बर 2017,आर्य समाज,महावीर नगर,दिल्ली का वार्षिकोत्सव सोल्लास सम्पन्न हुआ। चित्र में—मुख्य अतिथि डा.अनिल आर्य का अभिनन्दन करते पार्षद श्री यशपाल आर्य,माता मोहनीदेवी,मंत्री श्री मायाराम शास्त्री,अतुल खन्ना आदि। प.योगेशदत के मधुर भजन हुए। प्रधान श्री राजपाल पुलियानी व दिनेश आर्य ने आभार व्यक्त किया। द्वितीय चित्र—आर्य समाज,टैगोर गार्डन विस्तार,पश्चिमी दिल्ली का वार्षिकोत्सव सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। आचार्य गवेन्द्र शास्त्री के प्रवचन व कविता आर्या के मधुर भजन हुए। चित्र में—श्रीमती प्रवीन आर्या,डा.अनिल आर्य के साथ प्रधान श्री अशोक आर्य, प. सुरेश झा व गवेन्द्र शास्त्री।

# आर्य समाज सैनिक विहार व दिलशाद गार्डन का वार्षिक उत्सव सोल्लास सम्पन्न




रविवार, 19 नवम्बर 2017, आर्य समाज, सैनिक विहार,दिल्ली का वार्षिकोत्सव सोल्लास सम्पन्न हुआ। डा.सोमदेव शास्त्री (मुम्बई) के प्रवचन हुए व सरदार सुरेन्द्रसिंह गुलशन के मधुर भजन हुए। चित्र में—माता कृष्णा सपरा,डा.अनिल आर्य,सरदार सुरेन्द्रसिंह गुलशन,डा.सोमदेव शास्त्री व समाज के प्रधान श्री विनोद गुप्ता। द्वितीय चित्र—आर्य समाज, दिलशाद गार्डन, पूर्वी दिल्ली का 25 वां वार्षिकोत्सव सोल्लास सम्पन्न हुआ। चित्र में वैदिक विद्वान डा.जयेन्द्र आचार्य का अभिनन्दन करते डा.अनिल आर्य,प्रधान श्री जवाहर भाटिया,सरोज भाटिया,महेन्द्र भाई,देव आर्य,मंत्री अरूणा मुखी आदि।

# आर्य समाज रोहिणी सैक्टर–5 व अमर कालोनी का वार्षिक उत्सव सोल्लास सम्पन्न





रविवार, 19 नवम्बर 2017,आर्य समाज,रोहिणी,सैक्टर–5,दिल्ली का वार्षिकोत्सव सोल्लास सम्पन्न हुआ। मंच पर—आचार्य विजयभूषण आर्य प्रवचन करते हुए,साथ में आर्य तपस्वी सुखदेव जी,डा.अनिल आर्य। प्रधान सुदेश डोगरा,मंत्री सुरेन्द्र चौधरी ने कुशल संचालन किया। द्वितीय चित्र—आर्य समाज,अमर कालोनी,नई दिल्ली के नवनिर्मित सभागार का भव्य उद्घाटन व वार्षिकोत्सव सोल्लास सम्पन्न हुआ। चित्र में—प्रधान श्री जितेन्द्र डावर के साथ मुख्य अतिथि डा.अनिल आर्य,स्वामी प्रणवानन्द जी,श्री चतरसिंह नागर,विनोद बंसल,आचार्य सतीश सत्यम,श्री वेद खट्टर,श्री ओमप्रकाश यजुर्वेदी, प्रि.अर्चना पुष्करना व श्री अजय खट्टर आदि। श्री विनय आर्य ने मंच संचालन किया।

# आर्य महासम्मेलन तैयारी बैठक सम्पन्न व ढिकौली बागपत में हुआ वेद प्रचार




केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में दिनांक 26,27,28 जनवरी 2018 को दिल्ली में होने वाले 251 कुण्डीय यज्ञ व आर्य महासम्मेलन की तैयारी के लिये कार्यकर्ता बैठक आर्य समाज अशोक विहार,फेज–1,दिल्ली में आर्य नेता श्री प्रेमकुमार सचदेवा की अध्यक्षता में सोल्लास सम्पन्न हुई। चित्र में महामंत्री महेन्द्र भाई सम्बोधित करते हुए,साथ में डा.अनिल आर्य,श्री ओम सपरा,डा.धर्मेन्द्र शास्त्री व प्रधान श्री प्रेमकुमार सचदेवा। मंत्री श्री जीवनलाल आर्य ने सभी का आभार व्यक्त किया। द्वितीय चित्र—आर्य समाज,ढिकोली,बागपत,उ.प्र. के वेद प्रचार कार्यक्रम में श्री रामकुमारसिंह आर्य का स्वागत करते पं.सहदेव बेधड़क,संयोजक विनोद आर्य आदि।

सम्पादक: **अनिल कुमार आर्य** द्वारा केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के लिए **मंयक प्रिटर्स**,2199/63, नाईवाला, करोलबाग, दिल्ली-5 दूरभाष : 41548503 मो. : 9810580474 से मुद्रित व परिषद् कार्यालय आर्य समाज टी-176-177, कबीर बस्ती, दिल्ली-7 से प्रकाशित, **प्रबन्धक :** दिनेश आर्य, मोबाइल : 9911587765, देवेन्द्र भगत, मोबाइल : 09958889970